हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 4 जून 2026

खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार

तापमान

अधिकतम 42 डिग्री

न्यूनतम 29.0 डिग्री

4 हर गांव तक पहुंचेगी विकास की रोशनी, जिले का समग्र विकास सर्वोच्च प्राथमिकताः ओपी



## खबर संक्षेप

### कपरतुंगा में सुशासन शिविर आज

**सारंगढ़-बिलाईगढ़।** सुशासन तिहार शिविर सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम कपरतुंगा के हाईस्कूल परिसर में 4 जून को सुबह 11 बजे से अपरान्ह 3 तक आयोजन किया जाएगा, जिसमें ग्राम सालर, कनकबीरा, रामटेक, अचानकपाली, दबगांव, सराईपाली, खम्हारपाली, अमलीपाली ब, घठोरा, छातादेई, बैगीनडीह, बटाउपाली ब, परसदा छोटे, कपरतुंगा, डोमाडीह अ, बोईरडीह, खरवानी छोटे और गोड़ा के ग्रामीण शामिल होंगे। शिविर में नागरिक अपनी मांग, सुझाव और शिकायत प्रशासन को दे सकते हैं।

### गांव-गांव पहुंच रहे कृषि वैज्ञानिक एवं अधिकारी

**रायगढ़।** खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच किसानों को वैज्ञानिक खेती, मृदा संरक्षण और प्राकृतिक कृषि पद्धतियों से जोड़ने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा 1 जून से 15 जून तक जिले के गांवों में खेत बचाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिक एवं विभागीय अधिकारी गांव.गांव पहुंचकर किसानों से संवाद स्थापित कर रहे हैं तथा उन्हें टिकाऊ एवं लाभकारी खेती के लिए आवश्यक तकनीकी जानकारी भी प्रदान कर रहे हैं। इसी क्रम में विकासखंड लैलूंगा के ग्राम पहाड़ लुड़ेग में कृषि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में विभागीय अधिकारियों द्वारा किसानों से संवाद कर विभिन्न कृषि योजनाओं एवं नवाचारों की जानकारी दी गई। चौपाल में किसानों को खेत बचाओ अभियानए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पीएम आशा योजना तथा सुगंधित जवांफूल धान की खेती के क्षेत्र विस्तार के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कृषि अधिकारियों ने बताया कि सुगंधित जवांफूल धान की बाजार में अच्छी मांग है तथा इसके चावल को बेहतर मूल्य प्राप्त हो रहा है।

### पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन

**रायगढ़।** भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा बच्चों की असाधारण प्रतिभा, साहस और समाज के प्रति उत्कृष्ट योगदान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह पुरस्कार देश के उन प्रतिभाशाली बच्चों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2026 के लिए वीरता, सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सहित छह श्रेणियों में प्रदान किया जाएगा। ऐसे बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई तक 18 वर्ष से कम हो तथा जिन्होंने इन क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय योगदान दिया हो, वे राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## प्रदेश में सबसे ज्यादा अटैचमेंट रायगढ़ में, बदहाल हो रही शिक्षा व्यवस्था

# पढ़ाई से तौबा, 70 शिक्षक कर रहे बाबूगीरी, 41 टीचरों को बना दिया गया है हॉस्टल अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिला ही एक ऐसा जिला है जहां के शिक्षकों को सबसे ज्यादा अटैचमेंट किया जाता है। यह हम नहीं बल्कि शिक्षा विभाग के आंकड़े ही बयां कर रहे हैं। करीब 70 शिक्षक हैं जो विभिन्न विभागों में बच्चों की पढ़ाई से तौबा कर बाबूगिरी कर रहे हैं। इसमें 41 शिक्षकों को तो हॉस्टल अधीक्षक बना दिया गया है। दिलचस्प बात यह है कि इस आंकड़े के मुताबिक प्रदेश में सबसे अधिक रायगढ़ जिले में अटैचमेंट होने की बात कही जा रही है।इससे जहां शिक्षा व्यवस्था पूरी तरह से बदहाल हो गई है। वहीं इसका सबसे ज्यादा असर यहां के स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों पर पड़ रहा है।

शिक्षा विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबक खरसिया ब्लॉक में सबसे अधिक 19 शिक्षक व कर्मचारी एसडीएम व तहसीलदार कार्यालय सहित अन्य विभागों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसमें 7 भृत्य, 4 सहायक ग्रेड-3, 3 सहायक ग्रेड-2, 5 शिक्षक भी शामिल हैं।

इसी प्रकार पुसौर विकासखंड में 5 शिक्षक तहसील कार्यालय में, तमनार विकासखंड में 1 जिला निर्वाचन कार्यालय, 1 भूअर्जन शाखा और 2 तहसील कार्यालय तथा घरघोड़ा विकासखंड में 3 शिक्षक तहसील कार्यालय और 1 एसडीएम कार्यालय में बाबूगिरी कर रहे हैं। इसके साथ ही धरमजयगढ़ विकासखंड में 3 डीईओ कार्यालय और 5 शिक्षक एसडीएम कार्यालय में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके अलावा लैलूंगा विकासखंड में 5 शिक्षक तहसील कार्यालय में अटैच हैं। इसके अलावा 41 शिक्षकों को जिले के अलग-अलग छात्रावासों में भी अटैच किया गया है।




**खरसिया में सर्वाधिक 19 शिक्षक व कर्मचारी हैं विभिन्न विभागों में अटैच**

> विभिन्न दफ्तरों में अटैच शिक्षकों को उनके मूल शालाओं में वापस भेजने की प्रक्रिया चल रही है। नए सत्र में भी जिन स्कूलों में शिक्षकों की जरूरत होगी उन्हें उसी आधार पर भेजा जाएगा।
>
> **केवी राव**
> जिला शिक्षा अधिकारी

### 82 स्कूलों में एक ही शिक्षक, 183 में अतिशेष

जिले की शिक्षा व्यवस्था में गजब का असंतुलन देखने को मिल रहा है। एक ओर जहां युक्तियुक्तकरण के बाद भी जिले के 82 स्कूल एकल शिक्षकीय हैं, तो वहीं दूसरी ओर 183 स्कूलों में अतिशेष शिक्षक अंगद की तरह पांव जमाए बैठे हैं। इन सब के इतर शिक्षा विभाग के 86 शिक्षक और कर्मचारी वर्षों से विभिन्न विभागों व कार्यालयों में अटैच होकर मूल पदस्थापना स्थल से दूर सेवाएं दे रहे हैं। इनमें से कई ऐसे हैं जो वर्षों से स्कूलों में शिक्षण कार्य करने के बजाय अटैचमेंट पर कार्यरत हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब स्कूलों में शिक्षकों की कमी है तो फिर शिक्षकों को उनके मूल कार्य से अलग क्यों रखा गया है।

### विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की भी कमी

ग्रामीण क्षेत्रों के कई स्कूलों में गणित, विज्ञान और अंग्रेजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षकों का अभाव बना हुआ है। ऐसे में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नहीं मिल पा रही है। एक शिक्षक वाले स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई अक्सर प्रभावित होती है, क्योंकि शिक्षक को बैठक, प्रशिक्षण या अन्य शासकीय कार्यों में भी जाना पड़ता है। इसमं युक्तियुक्तकरण के माध्यम से शिक्षक-छात्र अनुपात सुधारने का लक्ष्य रखा था। इसके तहत कम छात्र संख्या वाले कई स्कूलों का विलय भी किया गया, लेकिन शिक्षकों के वास्तविक वितरण में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं दे रहा है।

### जिंदगी चुनो तम्बाकू नहीं संदेश के साथ चलाया गया जागरूकता अभियान

**रायगढ़।** तम्बाकू और निकोटीन उत्पादों के बढ़ते दुष्प्रभावों के प्रति समाज को जागरूक बनाने तथा नशे की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से राष्ट्रीय तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत, सिविल सर्जन डॉ. दिनेश पटेलए जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैकरा एवं जिला नोडल अधिकारी डॉ.विवेक उपाध्याय के मार्गदर्शन में आयोजित अभियान के तहत गजेन्द्र प्रसाद कला दल द्वारा केवड़ाबाड़ी बस स्टैंड क्षेत्र एवं जिला चिकित्सालय परिसर में प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस वर्ष की थीम आकर्षण का पर्दाफाश करनाः निकोटीन और तंबाकू की लत का मुकाबला करना पर आधारित नाटक के माध्यम से आमजन को तम्बाकू एवं निकोटीन उत्पादों के दुष्प्रभावों, उनसे होने वाली गंभीर बीमारियों तथा नशे की लत से मुक्ति के उपायों के बारे में जानकारी दी गई।

# खेत में डोरी चुनने गई महिला को हाथी ने कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खरसिया वनपरिक्षेत्र में बुधवार को ग्राम पंचायत बरभौना के आश्रित ग्राम कुकरीचोली में महुआ बीनने गई एक महिला की हाथी के हमले से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कुकरीचोली निवासी चंद्रकला डनसेना पति श्यामलाल डनसेना बुधवार सुबह घर से अपने खेत की ओर गई थीं। गांव के स्कूल के सामने स्थित खेत में वह महुआ का फल एकत्रित कर रही थीं। इसी दौरान क्षेत्र में विचरण कर रहे एक दंतैल हाथी का सामना उनसे हो गया। बताया जा रहा है कि हाथी ने अचानक हमला कर महिला को कुचल दियाए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

दोपहर तक घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। परिवार के सदस्य और ग्रामीण उनकी तलाश में निकले। काफी खोजबीन के बाद दोपहर करीब तीन बजे महिला का शव खेत से कुछ दूरी पर दूसरे खेत में पड़ा मिला। शव के पास हाथी के पैरों के निशान और घटनास्थल की स्थिति देखकर ग्रामीणों ने हाथी के हमले की आशंका जताई। घटना की खबर फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। लगातार हो रही हाथी-मानव संघर्ष की घटनाओं को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी भी देखने को मिली। सूचना मिलने पर छाल थाना पुलिस और वन विभाग की टीम घटनास्थल पर पहुंची तथा जांच शुरू की। अधिकारियों ने शव को पीएम के लिए भेजा गया। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में हाथियों की गतिविधियां लगातार बनी हुई हैं। लोगों से जंगल और खेतों की ओर अकेले न जाएं तथा हाथियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सतर्कता बरतने की अपील की गई है।



# वीडियो वायरल करने की चाहत में गई जान, मांड नदी में कूदे युवक का 22 घंटे बाद मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सोशल मीडिया में वायरल होने की चाहत ने एक युवक की जिंदगी छीन ली। रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र स्थित अंबेटिकरा पुल पर दोस्तों के साथ घूमने पहुंचे 19 वर्षीय युवक ने मांड नदी में छलांग लगाई, लेकिन कुछ ही सेकंड में वह गहरे पानी में समा गया। घटना के करीब 22 घंटे बाद उसका शव नदी में तैरता हुआ मिला।

जानकारी के अनुसार, छाल थाना क्षेत्र के हाटी गांव निवासी जयसिंह अघरिया मंगलवार को अपने दो दोस्तों होरीलाल और पिंटू निषाद के साथ अंबेटिकरा मंदिर दर्शन करने गया था। मंदिर घूमने के बाद तीनों युवक पास में ही बह रही मांड नदी में नहाने पहुंच गए। इसी दौरान जयसिंह ने पुल पर चढ़कर नदी में छलांग लगाने का फैसला किया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, जयसिंह अपने मोबाइल से वीडियो बना रहा था, जबकि उसके दोस्त भी उसका वीडियो रिकॉर्ड कर रहे थे। कुछ ही देर बाद उसने करीब 35 फीट ऊंचे पुल से नदी में छलांग लगा दी। दोस्तों को उम्मीद थी कि वह कुछ ही क्षणों में पानी से बाहर निकल आएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। युवक के लंबे समय तक नजर नहीं आने पर घबराए दोस्तों ने नदी में उसकी तलाश शुरू की और आसपास के लोगों को सूचना दी। देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर धरमजयगढ़ पुलिस और स्थानीय गोताखोर मौके पर पहुंचे। मंगलवार शाम तक नदी में तलाश अभियान चलाया गया, लेकिन युवक का कोई पता नहीं चल सका।



बुधवार सुबह जिला आपदा मोचन बल (डीडीआरएफ) की टीम ने नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू किया। गहरे पानी और कठिन परिस्थितियों के बीच टीम लगातार युवक की तलाश में जुटी रही। कई घंटों की मशक्कत के बाद भी सफलता नहीं मिली, जिससे परिजनों की चिंता बढ़ती गई। आखिरकार घटना के करीब 22 घंटे बाद नदी में युवक का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। रेस्क्यू टीम ने शव को बाहर निकालकर पुलिस के सुपुर्द किया। शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि युवक नदी में छलांग लगाने के बाद गहराई और पानी के बहाव में फंस गया था, जिससे वह बाहर नहीं निकल सका।

## शॉ मिल से चोरी मशीनरी पार्ट्स बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** पुसौर पुलिस ने शॉ मिल से मशीनरी पार्ट्स चोरी के मामले का कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी गई सामग्री बरामद कर ली है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पितबासो साव 65 वर्ष निवासी ग्राम चिखली पुसौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह बजरंग शॉ मिल का संचालन करता है। शॉ मिल में उपयोग के लिए खरीदी गई दो नई पुल्ली, जिनकी कीमत लगभग 14 हजार रुपये थी, मशीन के पास बाउंड्री के भीतर रखी गई थीं। बीते 26 मई को मशीन में लगाने के लिए जब उन्होंने देखा तो पुल्ली गायब थी। जिसके बाद शॉ मिल संचालक की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 305(ए), 331(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। विवेचना के दौरान पूछताछ और शॉ मिल परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज का अवलोकन किया गया। फुटेज में ग्राम चिखली निवासी शहनू सिदार को पुल्ली को उठाकर दीवार के पार ले जाते हुए देखा गया। ऐसे में पुलिस ने शहनू सिदार पिता स्व. परदेशी सिदार को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

# आमाघाट रोड पर ट्रक चालकों से लूट, गिरोह के 5 सदस्य गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आमाघाट रोड पर ट्रक एवं ट्रेलर चालकों से लूटपाट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार है। आरोपी के पास से 6 मोबाइल व एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है। आरोपी वाहनों पर पत्थरबाजी कर पहले उन्हें रोकते थे और फिर चालकों को लूटपाट करते थे।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रोहित कुमार पासवान 18 वर्ष निवासी उर्दना ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि वह ट्रक क्रमांक सीजी 10 आर 2370 का चालक है। 2 जून की रात लगभग 1 से 2 बजे के बीच जब वह आमाघाट क्षेत्र से गुजर रहा था, तभी सड़क पर मौजूद कुछ युवकों ने उसके ट्रक पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। पत्थर लगने से ट्रक का शीशा टूट गया और उसके सिर में चोट आई। ऐसे में उसने ट्रक रोक दिया और नीचे उतरा, उतने में ही वहां कुछ युवक पहुंच गए और उसमें से एक युवक ट्रक की कैबिन में चढ़ गया और उसका मोबाइल लूट लिया। ट्रक चालक की शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ धारा 309(6) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। इसी बीच पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंची और जांच शुरू की।

पुलिस टीम को ग्रामीणों से पूछताछ के दौरान पता चला कि ग्राम देलारी निवासी रघुनाथ चौहान अपने साथियों के साथ मिलकर क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाओं को अंजाम दे रहा है। ऐसे में पुलिस ने घेराबंदी करते हुए ग्रामीणों की मदद से ग्राम देलारी में रघुनाथ चौहान पिता हरि कीर्तन चौहान एवं उसके साथी शिव कुमार अघरिया पिता सोधन अघरिया, को पकड़ लिया। सख्ती से की गई पूछताछ में दोनों आरोपियों ने अपने अन्य साथियों प्रवीण राठिया पिता भोलाराम राठिया, जय किशन सोनार पिता अशोक सोनार और किशन कंवर पिता संतोष कंवर के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी शिव कुमार अघरिया के कब्जे से लूटे गए मोबाइल सहित अन्य 6 मोबाइल बरामद किया। इसके अलावा आरोपी रघुनाथ चौहान से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की गई।



**आरोपियों से 6 मोबाइल, एक बाइक जब्त**

## स्कूल में पहली से 12वीं तक की मिलेगी शिक्षा

# अदाणी विद्या मंदिर और हॉस्पिटल का भूमिपूजन, 40 बिस्तरों वाला होगा अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अदाणी फॉउंडेशन की ओर से पॉवर प्लांट परिसर में अदाणी विद्या मंदिर और अदाणी हॉस्पिटल का भूमिपूजन वैदिक मंत्रोच्चार एवं परंपरागत विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ।

इसे अदाणी पॉवर लिमिटेड की ओर से ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। अदाणी फाउंडेशन पिछले कई वर्षों से रायगढ़ जिले के ग्रामों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, महिला सशक्तिकरण, आजीविका संवर्धन, आधारभूत संरचना विकास, खेल, संस्कृति एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर निरंतर कार्य कर रही है। इन पहलों का उद्देश्य ग्रामीण समुदायों के जीवन स्तर में सुधार लाना और उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। इस पहल के अंतर्गत प्रस्तावित अदाणी विद्या मंदिर में पहली से कक्षा 12वीं तक की शिक्षा व्यवस्था होगी, जिससे क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं समग्र शिक्षा प्राप्त हो सकेगी।



वहीं अदाणी हॉस्पिटल 40 बिस्तरों की क्षमता वाला आधुनिक स्वास्थ्य संस्थान होगा, जहां ग्रामीणों को सुलभ, किफायती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी। परियोजना क्षेत्र में इस महत्वपूर्ण कदम से आसपास के हजारों परिवारों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ मिलने की संभावना है।

भूमि पूजन कार्यक्रम में विजय सिदार जनपद पंचायत सदस्य, ओमप्रकाश गुप्ता सरपंच बड़े भंडार, अशोक सिदार सरपंच छोटे भंडार, श्रीमती ममता खगेश्वर चौहान सरपंच कलमा, संजय मैत्री सरपंच बरपाली सहित क्षेत्र के अन्य पंच, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस अवसर पर अदाणी पॉवर लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी. सीएसआर हेड, एचआर हेड, सिविल हेड प्रोजेक्ट, मैकेनिकल हेड प्रोजेक्ट, लैंड लाइज़निंग हेड तथा सेफ्टी हेड प्रोजेक्ट सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने वक्तव्यों में कहा कि अदाणी विद्या मंदिर और अदाणी हॉस्पिटल की स्थापना से क्षेत्र में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा मिलेगी। साथ ही मानव संसाधन विकास और सामाजिक उत्थान को भी बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय ग्रामीणों ने इस पहल पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अदाणी पॉवर लिमिटेड एवं अदाणी फाउंडेशन के प्रति आभार जताया और इसे आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य की दिशा में एक सशक्त कदम बताया।

अदाणी विद्या मंदिर एवं अदाणी हॉस्पिटल की स्थापना ग्रामीण अंचलों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक नई शुरुआत का प्रतीक है, जो सामाजिक और आर्थिक विकास की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी। यह पहल कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत समाज के प्रति अदाणी पॉवर लिमिटेड की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## ट्रेलर डकैतीकांड का फरार आरोपी कोरबा से गिरफ्तार, एक अब भी फरार

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने हुकराडीपा ट्रेलर लूटकांड के एक और फरार आरोपी अजय गोस्वामी को कोरबा से गिरफ्तार किया। अब तक इस मामले में 8 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। वहीं अब भी एक अन्य आरोपी फरार है। ऐसे में पुलिस ने उसकी पतासाजी में जुटी हुई है। गौरतलब है कि उक्त आरोपी अजय गोस्वामी अपने पिता, भाइयों एवं अन्य साथियों के साथ मिलकर कुल 9 आरोपियों के समूह में शामिल था, जिन्होंने 5 ट्रेलर में लूटपाट कर वाहनों को ओडिशा ले जाकर छिपा दिया था। इस घटना के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि अजय गोस्वामी एवं एक अन्य आरोपी फरार चल रहे थे। फरारी के दौरान आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। पुलिस पूर्व में भी दो उसके ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई कर चुकी थी, लेकिन उस वक्त आरोपी गिरफ्त में नहीं आया। इसी बीच आरोपी के गांव आने की सूचना पुलिस को मिली। जिसके बाद पुलिस टीम कोरबा स्थित उसके गांव पहुंची और घेराबंदी करते हुए आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया । ज्ञात हो कि 18 अगस्त 2025 को संजय पटेल तमनार थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि उसने एसबीआई कोरबा शाखा से नीलामी में 4 ट्रेलर वाहन खरीदे थे, जो सुगोई ट्रांसपोर्ट में परिचालित थे। 18 अगस्त की रात तमनार क्षेत्र के हुंकराडीपा के पास अज्ञात बदमाशों ने एक ट्रेलर वाहन को लूट लिया तथा चालक एवं अन्य ड्राइवरों के साथ मारपीट कर उनके मोबाइल फोन भी छीन लिए थे।



# कॉकटेल-2 का ट्रेलर रिलीज कृति-रश्मिका के बीच फंसे शाहिद

**मुंबई।** शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की मच अवेटेड रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'कॉकटेल 2' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया। 3 मिनट 1 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत शाहिद कपूर, कृति सेनन और रश्मिका मंदाना की कार ट्रिप से होती है। शुरुआत में शाहिद कहते हैं, 'जब भी कोई रिश्ता नया होता है, तो वह रोमांचक होता है, क्योंकि वह नया होता है। नए दोस्त मज़ेदार होते हैं क्योंकि उनकी कहानियां हमें दिलचस्प लगती हैं। पुराने दोस्तों से वही पुरानी कहानियां सुनते-सुनते हम थक जाते हैं। लेकिन, प्यार उस फटी हुई टी-शर्ट की तरह है जिसमें हमें दो रातों तक चैन की नींद आती है।

लाइफ Style



# तृप्ति
## कॉन्फिडेंस ही बन जाता है आपका दुश्मन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

एनिमल में रणबीर कपूर के साथ तृप्ति डिमरी की जोड़ी लोगों को खूब पसंद आई थी, लेकिन यह भी आरोप लगे कि तृप्ति उस फिल्म की सक्सेस के बाद काफी बदल गईं। तृप्ति डिमरी ने कहा कि प्रोफेशनल लाइफ में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं और ऐसे लोगों का साथ होना जरूरी है जो आपकी गलतियां बता सकें और सही रास्ता दिखा सकें।


एनिमल फेम एक्ट्रेस ने कहा कि अपनी बुराई सुनना आसान नहीं होता है। हालांकि यही वह चीज है जो आगे बढ़ने में आपकी मदद करती है। जब उनका परिवार और दोस्त उन्हें बताते हैं कि वह कहां गलती कर रही हैं, तो वह रुककर उनकी प्रतिक्रियाओं पर चिंतन करती हैं। तृप्ति ने माना कि कभी-कभी आपका कॉन्फिडेंस ही आपका सबसे बड़ा दुश्मन बन जाता है। साल 2023 में आई रणबीर कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म एनिमल ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी इस फिल्म में तृप्ति डिमरी ने अहम किरदार निभाया था। तृप्ति यूं तो उससे पहले बुलबुल, लैला मजनू और पोस्टर बॉयज जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी थीं, लेकिन इस फिल्म ने उन्हें वो पहचान दिलाई, जिसकी उन्हें इंडस्ट्री में चमकने के लिए जरूरत थी। तृप्ति के कॅरियर का ग्राफ रॉकेट की रफ्तार से ऊपर गया और उन्हें धड़क-2, भूल भुलैया-3 और स्पिरिट जैसी बड़ी फिल्मों में फीमेल लीड रोल मिलने लगे, लेकिन साथ ही साथ लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि एनिमल के बाद तृप्ति काफी बदल गई हैं। एक हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने खुद इस सवाल का जवाब दिया।

## हॉलीवुड मसाला



# भारत में ताबड़तोड़ कर रही कमाई

**नई दिल्ली।** करी बार्कर की फिल्म 'ऑब्सेशन' भारत में बीते शुक्रवार को रिलीज हुई। महज चार दिनों में ही इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर ली है। आने वाले दिनों में फिल्म को वर्ड ऑफ माउथ पब्लिसिटी का फायदा मिल सकता है। हॉलीवुड की हॉरर फिल्म 'ऑब्सेशन' भारतीय दर्शको को भी खूब पसंद आ रही है। कम बजट की यह फिल्म दर्शकों को डराने में अब तक कामयाब रही है। फिल्म ऑब्सेशन को दुनियाभर में काफी पसंद किया जा रहा है। शुक्रवार को फिल्म को मिली धीमी शुरुआत के बाद इसने वीकेंड पर अपनी रफ्तार पकड़ी।



# सुरक्षा कारणों से रद्द हुआ कान्ये और ट्रैविस का शो

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट और ट्रैविस स्कॉट का एक कॉन्सर्ट इटली में होना था, जो कि अब रद्द कर दिया गया है। इस बात से रैपर के फैंस बेहद निराश हैं। यह फैसला किन्हीं सुरक्षा कारणों से लिया गया है। यह कॉन्सर्ट जुलाई में इटली के उत्तरी शहर रेजियो एमिलिया के आईसीएफ एरिना में होने वाले था। ट्रैविस स्कॉट का शो 17 जुलाई को और कान्ये वेस्ट का शो 18 जुलाई को होना था। ट्रैविस स्कॉट के कॉन्सर्ट को सुरक्षा व्यवस्था की चिंताओं के कारण रद्द किया गया है, न कि उन पर किसी प्रतिबंध की वजह से। स्थानीय अधिकारियों ने सुरक्षा कारणों से इन्हें रद्द करने का आदेश दिया। दरअसल, कान्ये वेस्ट द्वारा अप्रैल में की गई यहूदी-विरोधी टिप्पणियों का कड़ा विरोध हो रहा था। शहर के यहूदी समुदाय, फासीवाद-विरोधी समूहों, ट्रेड यूनियनों और नेताओं ने इस कॉन्सर्ट को रोकने की मांग की थी।



# अल्फा की रिलीज डेट बदली...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपने कई प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। आलिया अल्फा और लव एंड वॉर में नजर आएंगी। अल्फा की रिलीज से पहले निर्माताओं ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। आलिया भट्ट और शार्वरी वाघ की मुख्य भूमिका वाली एक्शन फिल्म अल्फा अब अपने तय समय से एक हफ्ता पहले यानी 3 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 10 जुलाई को आने वाली थी। फैंस आलिया को एक्शन अवतार में देखने के लिए बेताब हैं। इस फिल्म से पहले आलिया ने फिल्म जिगरा में एक्शन किया था। फिल्म धमाल 4 की रिलीज डेट 17 जुलाई तय होने के बाद, अल्फा के निर्माता आदित्य चोपड़ा ने यह फैसला लिया है। 3 जुलाई के आसपास कोई बड़ी फिल्म रिलीज नहीं हो रही है।



# अनिल ने पत्नी संग यूरोप में मनाईं छुट्टियां

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर हाल ही में अपनी पत्नी सुनीता कपूर के साथ यूरोप की यात्रा पर गए थे। उन्होंने मंगलवार को सोशल मीडिया पर इस जादुई वेकेशन की कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ अनिल ने इस जगह को मैजिकल बताया है। 69 साल के अनिल ने इंस्टाग्राम पर आज मोंटेनेग्रो देश की कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। उन्होंने इस जगह को बहुत ही जादुई और खूबसूरत बताया। तस्वीरों में अनिल काले रंग के कपड़ों और स्टाइलिश चश्मे में बेहद हैंडसम दिख रहे हैं। अनिल की दोस्त और बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी ने इस पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा कि यह उनकी भी पसंदीदा जगह है। इसके साथ ही शिल्पा ने लिखा कि अनिल बहुत शानदार लग रहे हैं। शिल्पा के अलावा अनिल के कई फैंस ने इस पोस्ट पर लाल दिल वाला और फायर इमोजी बनाया है।

## टीवी मसाला



# 'तारक मेहता' में जमील जमाली की एंट्री से भागने लगे लोग...

**नई दिल्ली।** 'धुरंधर' और जमील जमाली की लोकप्रियता अब गोकुलधाम सोसाइटी तक पहुंच गई है। शो में एक मजेदार मोड़ आएगा जब लोग यह देखकर हैरान रह जाएंगे कि जमील जमाली बिल्कुल तारक मेहता के बॉस बाबूलाल जैसे दिखते हैं। यह अजीब समानता भ्रम पैदा कर रही है और कई मजेदार पलों को जन्म देती है। इससे पहले कि कोई सच और झूठ में फर्क कर पाए, अफवाहें फैलने लगती हैं, तरह-तरह के कयास लगने लगते हैं और बेचारे बाबूलाल खुद को एक ऐसे तूफान में पाते हैं जिसकी उन्होंने कल्पना भी नहीं की थी। ये किरदार राकेश बेदी निभा रहे हैं और जो 2020 से तारक के बॉस बने हुए हैं। एक मामूली भ्रम से शुरू हुई बात जल्दी ही एक बड़े तमाशे में बदल जाती है। जैसे-जैसे हर कोई स्थिति को समझने की कोशिश करता है, भ्रम और बढ़ता जाता है। बाबूलाल इस स्थिति में फंस जाते हैं और एक के बाद एक समस्याओं का सामना करते हैं। हालांकि, तारक अपने बॉस को अकेला नहीं छोड़ते और मुश्किल को संभालने की पूरी कोशिश करते हैं। वह स्थिति को पूरी तरह से हाथ से निकलने से पहले हर संभव प्रयास करते हैं। 'धुरंधर' के क्रेज के चलते बाबूलाल को जमील जमाली समझ लिया जाता है। लोग टीवी के किरदार को असली इंसान समझ बैठते हैं। एक छोटी सी गलतफहमी से और भी उलझनें पैदा हो जाती हैं। इससे हंसी-मजाक और मनोरंजन का माहौल बनता है। 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' एक बार फिर यही कमाल कर रहा है। यह फेमस सिटकॉम रोजमर्रा की साधारण घटनाओं को एक मजेदार और मनोरंजक कहानी में बदल देता है।

## प्रोड्यूसर पर लगाए थे यौन शोषण के झूठे आरोप

**नई दिल्ली।** टीवी का मशहूर सीरियल 'भाभी जी घर पर हैं' आपने कभी ना कभी तो जरूर देखा होगा। टीवी के इस शो को लोगों ने खूब पसंद किया।



कुछ साल पहले इस शो से जुड़ा एक बड़ा विवाद भी सामने आया था। जिसमें इस शो की लीड एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने शो के प्रोड्यूसर पर यौन शोषण का आरोप लगाया था। हाल ही में दिए गए एक इंटरव्यू में शिल्पा ने बताया कि शो छोड़ने के दौरान उन्होंने प्रोड्यूसर पर भी सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगाया था वह बिल्कुल झूठ था। इसके अलावा शिल्पा ने इंटरव्यू के दौरान और भी कई बातें बताईं। भारती सिंह और हर्ष लिंबाचिया के पॉडकास्ट में शिल्पा ने लीगल लड़ाई और अपने इमोशनल ब्रेकडाउन पर खुलकर बातचीत की। बातचीत के दौरान शिल्पा ने बताया कि उनके सामने एक समय आया जब उन्हें यह महसूस होने लगा था कि वह काफी बुरी तरह से फंस चुकी हैं और उनके पास लड़ाई लड़ने का कोई दूसरा रास्ता नहीं बचा है।

# कपूर परिवार के नाम हैं ये 7 दिलचस्प रिकॉर्ड

*नई दिल्ली। बॉलीवुड के 'कपूर खानदान' को इंडस्ट्री की 'फर्स्ट फैमिली' भी कहा जाता है। पृथ्वीराज कपूर से लेकर रणबीर कपूर तक इस परिवार का फिल्ममेकिंग और एक्टिंग से बहुत पुराना नाता रहा है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि वो कौन से 7 रिकॉर्ड हैं जो इस परिवार के नाम पर दर्ज हैं?*

***ऑनस्क्रीन जा चुका सबसे बड़ा परिवार :*** *साल 1999 तक ही इस एक परिवार के 24 से अधिक सदस्य फिल्मों में बतौर एक्टर, डायरेक्टर या प्रोड्यूसर काम कर चुके थे। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में इस परिवार के नाम फिल्म इंडस्ट्री में सबसे बड़े ऑन-स्क्रीन परिवार होने का नाम दर्ज है।*

***सिनेमा में 5 पीढ़ियों का सफर :*** *भारतीय सिनेमा जगत के इतिहास में कपूर परिवार इकलौता ऐसा परिवार है जिसकी 5 पीढ़ियां लगातार फिल्म इंडस्ट्री में सक्रिय रही हैं। शुरुआत दीवान बशेश्वरनाथ कपूर (पृथ्वीराज कपूर के पिता) से हुई थी और अब रणबीर कपूर व राहा कपूर तक पहुंच चुकी है।*

***एक ही फिल्म में 3 पीढ़ियां :*** *साल 1971 में आई फिल्म 'कल आज और कल' में एक अनोखा रिकॉर्ड बना। इस फिल्म में कपूर परिवार की तीन पीढ़ियां एक साथ नजर आई थीं। इस फिल्म में पृथ्वीराज कपूर (दादा), राज कपूर (पिता), और रणधीर कपूर (बेटे) एक साथ नजर आए थे।*



***सबसे यंग डायरेक्टर का रिकॉर्ड :*** *शोमैन राज कपूर ने महज 24 साल की उम्र में फिल्म 'आग' (1948) का निर्देशन किया था। यह अपने आप में एक वर्ल्ड रिकॉर्ड था। उस दौर में सबसे कम उम्र के फिल्म निर्देशक बनने का रिकॉर्ड राज कपूर ने अपने नाम किया।*

***सुपरस्टार बनीं पहली सगी बहनें :*** *कपूर खानदान की बेटियों ने भी फिल्म इंडस्ट्री में कम नाम नहीं कमाया। करिश्मा कपूर और करीना कपूर भारतीय सिनेमा के इतिहास की पहली ऐसी सगी बहनें बनीं, जिन्होंने पुरानी रिवायतों को तोड़ा और इंडस्ट्री पर राज किया। नंबर वन एक्ट्रेस बनीं।*

***एक परिवार में 3 दादा साहेब फाल्के पुरस्कार:*** *सिनेमा जगत के सर्वोच्च सम्मान 'दादा साहब फाल्के पुरस्कार' को एक ही परिवार में 3 बार जीतने का रिकॉर्ड भी कपूर खानदान के नाम है। यह सम्मान पृथ्वीराज कपूर, राज कपूर और शशि कपूर को भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए दिया गया।*

## शम्मी कपूर के नाम पर ऐसा भी एक रिकॉर्ड

शम्मी कपूर के नाम पर सिनेमा से अलग एक अनोखा रिकॉर्ड है। उन्होंने 1990 के दशक में 'इंटरनेट यूजर्स क्लब ऑफ इंडिया' की स्थापना की थी। वह भारत के पहले कुछ लोगों में से थे जिनके पास अपना पर्सनल कंप्यूटर और इंटरनेट कनेक्शन था।

# आदर्श ने हॉलीवुड सीरीज एलियन- अर्थ 2 को लेकर जताई खुशी

**नई दिल्ली।** अभिनेता आदर्श गौरव ने रिडले स्कॉट की फिल्म 'एलियन अर्थ' में स्लाइटली के किरदार के लिए खूब प्रशंसा बटोरी। अब अभिनेता इस साइंस फिक्शन शो के आगामी दूसरे सीजन में भी वही भूमिका निभाएंगे और जल्द ही शूटिंग के लिए रवाना होने वाले हैं। दूसरे सीजन में पीटर डिंकलेज के शामिल होने से इसको लेकर लोगों का उत्साह और भी बढ़ गया है। आदर्श ने एमी पुरस्कार विजेता इस अभिनेता की जमकर तारीफ की है। नोआ हॉली द्वारा निर्मित और दिग्गज फिल्म निर्माता रिडले स्कॉट द्वारा कार्यकारी निर्मित 'एलियनः अर्थ' स्कॉट की प्रतिष्ठित एलियन फिल्मों का स्पिन-ऑफ है। पहले सीजन में आदर्श ने स्लाइटली उर्फ आरुष की भूमिका निभाई, जो मनुष्य और मशीन का एक हाइब्रिड है। आदर्श गौरव ने कहा कि 'एलियनः अर्थ' के सीजन 2 में वापसी करना बेहद खास लगता है। स्लाइटली एक ऐसा किरदार है जो शूटिंग खत्म होने के बाद भी लंबे समय तक मेरे मन में बसा रहा, क्योंकि उसकी इमोशनली जटिलता और ट्विस्ट ने मुझे दीवाना बना दिया। नोआ हॉली और रिडले स्कॉट द्वारा निर्मित दुनिया में उसे और गहराई से जानने का अवसर मिलना एक अभिनेता के रूप में रोमांचक और बेहद संतोषजनक है। एलियनः अर्थ में सिडनी चैंडलर, एलेक्स लॉथर, एस्सी डेविस, सैमुअल ब्लेंकिन और बाबौ सीसे मुख्य भूमिका में हैं, जबकि टिमोथी ओलिवेंट एक महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आते हैं। सीजन 2 में गेम ऑफ थ्रोन्स के मशहूर अभिनेता पीटर डिंकलेज की एंट्री होती है, जिससे एलियन यूनिवर्स का विस्तार होता है। आदर्श ने आगे कहा कि इस अनुभव को वास्तव में उल्लेखनीय बनाने वाली बात यह है कि मुझे एक टेलेंटेड एक्टर्स के साथ इस लोकप्रिय यूनिवर्स का हिस्सा बनने का मौका मिला। पीटर डिंकलेज, टिमोथी ओलिवेंट और पूरी टीम जैसे कलाकारों के साथ काम करना आपको हर दिन क्रिएटिव रूप से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।



## अपने नाम किए तीन पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान भी मिला

# न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में मणिपुरी फिल्म बूंग की धूम

*लॉस एंजिल्स। मणिपुरी फिल्म बूंग ने पहले बाफ्टा अवॉर्ड में अपना जलवा दिखाया था। अब इस फिल्म ने न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में भारतीय फिल्म बूंग ने इतिहास रच दिया है। रविवार को खत्म हुए इस महोत्सव में फिल्म ने तीन अवॉर्ड अपने नाम किए हैं। फिल्म के मुख्य कलाकार को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार का सम्मान मिला है। महोत्सव में दस अलग-अलग कैटेगरी में भारतीय सिनेमा के बेहतरीन कलाकारों और फिल्मों को सम्मानित किया गया।*



### फिल्म को कौन से अवॉर्ड मिले?

फेस्टिवल में बूंग ने तीन पुरस्कार अपने नाम किए। पहला सर्वश्रेष्ठ डेब्यू फिल्म का पुरस्कार। दूसरा लक्ष्मीप्रिया देवी को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार और तीसरा गुगुन किपगेन को सर्वश्रेष्ठ बाल कलाकार पुरस्कार दिया गया। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल 28 से 31 मई तक चला, जिसमें 15 भाषाओं की अलग-अलग तरह की फिल्में दिखाई गईं।

### क्या है बूंगकी कहानी?

बूंग की कहानी बहुत प्यारी और दिल को छू लेने वाली है। यह फिल्म मणिपुर की घाटी में रहने वाले बच्चे बूंग (गुगुन किपगेन) पर आधारित है। बूंग वर्षों से अकेली रह रही अपनी मां को खुश करने के लिए खास तोहफा देने की योजना बनाता है। वह, तोहफा है अपने पिता को वापस लाना। वह पिता की तलाश में निकल जाता है। इस सफर में उसका दोस्त साथ देता है। मां की खुशियों के लिए पिता को खोजने निकले बूंग की यह कहानी बेहद मार्मिक है। बूंग को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

***फिल्म में नजर आए ये कलाकार :*** फिल्म बूंग में गुगुन किपगेन के अलावा बाला हिजाम, नेमेतिया नगंगबाम, जेनी खुरई, हामोम सदानंद,एंगम सनामतम, विक्रम कोचर, थौदम ब्रजबिधु और मोधुबाला थौदम जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखाई दिए। फिल्म के बाल कलाकारों का अभिनय बहुत ही सहज है। कई सीन्स दर्शकों को भावुक कर जाते हैं, आंखों को नम कर देते हैं।

### फरहान ने प्रोड्यूस की है बूंग

इस फिल्म को निर्माता-निर्देशक और एक्टर फरहान अख्तर ने प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म का वर्ल्ड प्रीमियर साल 2024 के टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। वहां इसे दर्शकों से स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। भारतीय सिनेमाघरों में यह फिल्म सितंबर 2025 को रिलीज हुई थी। इस फिल्म का निर्देशन लक्ष्मीप्रिया देवी ने किया है।

### बाफ्टा में मिला था अवॉर्ड

इससे पहले मणिपुरी फिल्म 'बूंग' ने बाफ्टा अवॉर्ड्स 2026 में भी जलवा दिखाया था। वहां फिल्म ने बेस्ट चिल्ड्रन एंड फैमिली कैटेगरी में पुरस्कार जीता था। 'बूंग' बाफ्टा में नामांकित होने वाली अकेली भारतीय फिल्म थी। इसने जूटोपिया 2, लिलो एंड स्टिच और आर्को जैसी बड़ी-बड़ी अंतरराष्ट्रीय फिल्मों को हराकर यह अवॉर्ड जीता। इससे पहले फिल्म का पहला प्रीमियर 2024 में टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। बाद में इसे वारसॉ, एमएएमआई मुंबई, आईएउएफआई और मेलबर्न इंडियन फिल्म फेस्टिवल जैसे कई बड़े फेस्टिवल में दिखाया गया।

## खबर संक्षेप

### कार्यकर्ता, सहायिका के लिए आवेदन आज तक

**सारंगढ़।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा ग्राम कलमी के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और ग्राम डौकीजोर के आँगनबाड़ी सहायिका की भर्ती हेतु इच्छुक महिला उम्मीदवार से 4 जून तक कार्यालयीन समय में परियोजना अधिकारी कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना कोसीर के पता में आवेदन पत्र आमंत्रित किया है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए योग्यता बारहवीं उत्तीर्ण और आंगनबाड़ी सहायिका के लिए 8वी उत्तीर्ण निर्धारित है।

### पोर्ते कालेज में चलाया गया स्वच्छता अभियान



**घरघोड़ा।** प्राचार्य डॉ जगदीश तिर्की एवं एसएल साहू कार्यक्रम अधिकारी रासेयो के नेतृत्व में डॉ भंवर सिंह पोर्ते कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय घरघोड़ा में मिशन लाइफ के अंतर्गत पर्यावरण दिवस पूरे महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता थींम पर आधारित स्वच्छता अभियान पूरे महाविद्यालय परिसर के साथ गुलाब गार्डन में चला कर स्वच्छता का संदेश दिए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय स्टॉफ से अजय कुमार मिश्रा, रामप्यारे सूर्यवंशी, मोहित सिदार, दीपक सिंह ठाकुर, चंद्रकांती साव, मोनिका लकड़ा, पदमिनी भोयए नैना टोप्पो एवं अंजू भगत, आसमति संगीता तथा रासेयो वालेंटियरों में बी एस सी द्वितीय सेमेस्टर से कुण्रमा, टीना, संजना, युवराज, बी एस सी चतुर्थ सेमेस्टर से कु.अनुकंचन,बिंदिया आदि छात्र छात्राओं का सहयोग एवं श्रमदान सराहनीय रहा।

### अधिकारियों को दी गई 1076 की ट्रेनिंग

**सारंगढ़।** सीएम हेल्पलाइन में नागरिकों के हक, पात्रता के बावजूद राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं हो रहा, उसे त्वरित रूप से निराकरण करने की मंशा मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की है, जिसे आम आदमी तक पहुंचाने के लिए 1076 सीएम हेल्पलाइन प्रारम्भ की जा रही है। भविष्य में इसका शुभारम्भ के बाद कार्य प्रारम्भ होगा। सीएम हेल्पलाइन में आवेदन पत्र देने के 4 माध्यम है, इसमें 1076 डायल कॉल, पोर्टल, वाट्सअप पेज, मुख्यमंत्री विष्णु देव के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर शामिल है।

इसमें जो आवेदन लिख नहीं पाते उनके लिए कॉल बैक करने का अनुरोध का भी विकल्प है, जिससे उनको कॉल बैक कर उनके आवेदन को दर्ज किया जाएगा। लोगों की सुविधा के लिए शिकायत दर्ज कराने के विभिन्न माध्यम उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें 1076 हेल्पलाइन नंबर, वेब पोर्टल, मोबाइल ऐप, जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। नागरिकों की और अधिक सुविधा हेतु सीएम हेल्पलाइन 1076 मोबाइल ऐप भी विकसित किया गया है।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.)**
**-: समाचार पत्र में प्रकाशन:-**
**सूचना पत्र**

रा.प्र.क्र.-जन्म/मृत्यु/स-131/2025-26
ग्राम बिंजकोट, तहसील खरसिया

आवेदक-भोगीलाल सारथी पिता शिवलाल सारथी जाति घसिया, निवासी ग्राम बिंजकोट, तहसील खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.)

**बनाम**

छ.ग. शासन

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम-बिंजकोट, प.ह.नं. 30 तहसील खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक भोगीलाल सारथी पिता शिवलाल सारथी जाति धसिया निवासी ग्राम बिंजकोट, तहसील खरसिया, जिला रायगढ़, (छ.ग.) द्वारा अपनी माता बुधवारो सारथी, पति शिवलाल सास्थी के मृत्यु दिनांक 15/01/2025 स्थान बिंजकोट, का मृत्यु पंजीयन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिस पर सुनवाई दिनांक 09/06/2026 को नियत है।

प्रकरण में राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण में नियत पेशी/सुनवाई दिनाँक को उपस्थित होकर अपना आपत्ति/जवाब प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथी को उपस्थित न होने की स्थिति में नियत तिथी के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाँक 15/05/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**खरसिया**

## वित्त मंत्री ने 32.15 करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

# हर गांव तक पहुंचेगी विकास की रोशनी, जिले का समग्र विकास सर्वोच्च प्राथमिकता: ओपी





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सोमवार देर रात तक अपने जन्म दिन के ठीक एक दिन पहले रायगढ़ प्रवास के दौरान पुसौर जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत मिडमिड़ा, त्रिभौना, तुरंगा, कोतासुरा एवं कोड़ातराई का दौरा कर पंचायत एवं ग्रामीण विकास के लिए करोड़ों की सौगात दी। कैबिनेट मंत्री श्री चौधरी ने इस दौरान 32 करोड़ से अधिक की लागत वाले विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि मैं रायगढ़ की जनता का सेवक हूं। जनता ने जो विश्वास मुझ पर जताया है, उसे विकास कार्यों के माध्यम से पूरा करना मेरा दायित्व है। रायगढ़ के प्रत्येक गांव तक विकास की रोशनी पहुंचे, इसके लिए हम निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रायगढ़ जिले का समग्र विकास उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले वर्षों में रायगढ़ विकास के क्षेत्र में पूरे प्रदेश के लिए एक मॉडल जिला बनकर उभरेगा।

### 26.80 करोड़ से अधिक के निर्माण

वित्त मंत्री ने 26 करोड़ 80 लाख से अधिक लागत के चार महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्यों का शिलान्यास भी किया। इनमें त्रिभौना कोड़पाली पहुंच मार्ग पर 2.0 करोड़ रुपए की लागत से 1.50 किलोमीटर सीसी सड़क निर्माण, मिडमिड़ा हाईस्कूल पहुंच मार्ग पर 1.24 करोड़ रुपए की लागत से 0.70 किलोमीटर सीसी सड़क निर्माण, मचिदा कलमी मार्ग में 3.04 करोड़ रुपए की लागत से 3.50 किलोमीटर सड़क निर्माण तथा कोड़ातराई पुसौर सूरजगढ़ मार्ग में लगभग 19.71 करोड़ रुपए की लागत से 6.70 किलोमीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं।

### इन विकास कार्यों का लोकार्पण

वित्त मंत्री ने 5 करोड़ 34 लाख 82 हजार की लागत से विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें लोक निर्माण विभाग द्वारा 392.39 लाख रुपए की लागत से निर्मित गोतमा कोतासुरा मार्ग 3.50 किलोमीटर का निर्माण कार्य प्रमुख रूप से शामिल है। इसके अलावा जिला खनिज न्यास निधि से 65 लाख रुपए की लागत से तुरंगा मिनी स्टेडियम का लोकार्पण कार्य शामिल है। इसी प्रकार जनपद पंचायत पुसौर क्षेत्र में 77.43 लाख रुपए की लागत से मिडमिड़ा, कोड़ातराई, त्रिभौना और तुरंगा में सीसी रोड, शेड निर्माण तथा यात्री प्रतीक्षालय जैसे विभिन्न कार्यों का भी लोकार्पण किया गया।

### स्पीकर ने दी बधाई



प्रशासनिक सेवा अधिकारी से लेकर छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री तक का प्रेरणादायी सफर तय करने वाले रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी को जन्मदिन की बधाई देते हुए स्पीकर एवं पूर्व मुख्यमत्री रमन सिंह ने कहा आपकी कार्यकुशलता एवं जनसेवा के प्रति समर्पण प्रदेश के विकास को नई दिशा प्रदान कर रहा है। माँ दंतेश्वरी से आपके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल सार्वजनिक जीवन की कामना करता हूँ।

### श्रमिकों ने मनाया वित्त मंत्री का जन्मदिन



वित्त मंत्री ओपी चौधरी का जन्मदिन शहर के श्रमिक चौक में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। बड़ी संख्या में जुटे महिला एवं पुरुष श्रमिकों ने केक काटकर उनका जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया और स्वस्थ, सुखद एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों में गजब का उत्साह देखने को मिला उपस्थित लोगों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्वए विकास कार्यों और श्रमिक हितों के लिए किए जा रहे प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना की श्रमिकों ने कहा, रायगढ़ के विकास, आधारभूत सुविधाओं के विस्तार और जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। ओपी चौधरी ने श्रमिकों की आवाज को हमेशा प्राथमिकता दी है। वित्तमंत्री ओपी चौधरी के जन्मदिवस के अवसर पर महेश साहू ने उनके निवास स्थान रायगढ़ पहुंचकर मंगलमय शुभकामनाएं दी। महेश साहू ने वित्तमंत्री को युवाओं का सच्चा प्रेरणा स्रोत और प्रदेश का यूथ आइकॉन बताते हुए कहा कि उनका जीवन हर उस व्यक्ति के लिए एक जीवंत मिसाल है जो विपरीत परिस्थितियों से लड़कर आगे बढ़ना चाहता है।



## 40 फीसदी राशि आहरण काम केवल 20 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत पडिगांव में बाढ़ राहत भवन का निर्माण बीते नवम्बर 2025 से प्रारंभ किया गया है। जून 2026 तक पूरा करने टारगेट था। जिसमें 40 फीसदी राशि आहरण भी हो गया है। हालांकि अभी धरातल पर हुए काम यह पुष्टि कर रहा है कि निर्माण बहुत धीरे हो रहा है और जानकारों की माने तो गुणवत्ता पूर्ण ढंग से भी नहीं हो रहा है।

महानदी में बाढ़ आने की वजह से वहां के प्रभावित लोगों को पडिगांव में सुरक्षित रखने के इरादे से बाढ़ राहत भवन के लिए 30 लाख की स्वीकृति दी गई थी। बीते नवम्बर 2025 में काम शुरु किया गया था। बताया जाता है कि जगह चयन के लिए मतभेद होने की स्थिति में इसका निर्माण देरी से चालू हुआ। वर्तमान स्थिति में 40 प्रतिशत आहरण होने के बाद भी भवन की स्थिति छत स्तर तक नहीं पहुंच पाया है। सूत्र बताते हैं कि लगभग 2400 वर्गफीट में यह भवन बन रहा है जिसमें एक ढलाई के बाद दूसरा टीन शेड् में रहेगा जहां महिला एवं पुरूषों का अलग-अलग टायलेट की सुविधा भी होगी। इस भवन का मॉनिटरिंग सब इंजीनियर राखी पटेल कर रही हैं। इस भवन निर्माण के पीछे शासन की यह मंशा रही कि इस भवन का उपयोग वर्ष 2026 में बाढ की स्थिति रही तो इसका उपयोग किया जा सकता है। भवन निर्माण जिस गति से चल रहा है शायद ही समय पर तैयार हो।

### जिला चिकित्सालय में अटल लैब का उद्घाटन

**सारंगढ़।** जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में अटल लैब का उद्घाटन विधायक उत्तरी जांगड़े, कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पाण्डेय, समेत अन्य के आतिथ्य में किया गया। अतिथियों ने लैब का अवलोकन किया और भगवान गणेश के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर लैब का शुभारम्भ किया गया।इस लैब में 136 प्रकार की जांच निशुल्क होगा। इसके पूर्व जिला चिकित्सालय में 78 प्रकार के जांच निःशुल्क और न्यूनतम दर पर दिया जा रहा था।

## पानी की गंभीर समस्या, कांग्रेसियों ने किया नगर पालिका का घेराव



**खरसिया।** नगर कांग्रेस के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस और पानी से पीड़ति लोगों द्वारा मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन देकर नगर में होने वाली पानी की समस्या के निराकरण के लिए ज्ञापन दिया और जल्द ही इसके निराकरण के लिए निवेदन किया। खरसिया नगरपालिका क्षेत्र में पानी की भारी समस्या उत्पन्न हो गई है आमजनो को पानी लेने के लिए दूर दूर तक जाना पड़ रहा है।

खरसिया में वार्ड नं 01 में नया मोहल्ला, वार्ड नं 02 शीतला माता मंदिर के आसपास, वार्ड नं 02 मे ही शीतला मंदिर के पास गोड़ मोहल्ला सिदार पारा पंचवटी होटल के पीछे के पास वार्ड नं 03 में धनसाय घर के आसपास रवि साहू घर के आसपास, वार्ड नं 04 में हरिजन मोहल्ला में भागीरथी कनेक्शन नही दिया गया है। हाजी कालोनी, दर्जी मोहल्ला में पानी की तकलीफ है, वार्ड नं 06 में केंवटा मोहल्ला पनखटिया पार एवं वार्ड नं 07 में मटखनवा पार, पनखतिया गली तथा वार्ड नं 09 की एवं 06 की मेन रोड वार्ड नं 06 सिवील लाईन तथा वार्ड नं 09 का संवरा पारा में पानी की उपलब्धता नही है, वार्ड नं 10 धर्मेन्द्र घर के पास एवं गणेश चौहान तथा पूरे वार्ड में पानी की समस्या है, वार्ड नं 11 बुजाराम गली तथा चेतराम मंदिर के पास तथा जानकी धर्मशाला के पास वार्ड नं 13 में गोदावरी भवन के पास, वार्ड नं 14 सिंघी कालोनी, बघेल मोहल्ला, नया मोहल्ला, वार्ड नं 15 में सजय नगर, छपरीगंज में भीषण जल संकट, वार्ड नं 16 में न्यू बस स्टैण्ड रोड, कमला नेहरु स्कुल के पिछे, वार्ड नं 17 में दूर्गा मंदिर के पास एवं तालाब के पासए तथा वार्ड नं 18 में एफसीआई मोहल्ला तथा पूरा वार्ड में पानी की दिक्कत है। नगरपालिका द्वारा महज 8 टेंकरो से पानी पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है, जो अपर्याप्त है। पानी जीवन के लिए अतिआवश्यक है इसकी पर्याप्त उपलब्धता करवाना नगरपालिका की पूर्ण जिम्मेदारी है इसके लिए सभी वार्डों से पानी के लिए परेशान नागरिक अपने हस्ताक्षर करके आपके समक्ष पानी की मांग कर करने नगर पालिका आए है। इसके अलावा बुनियादी सुविधाएं जो एक आम नागरिक को मुहैया होती है उसमें भी नगरपालिका द्वारा अनदेखी की जा रही है। सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप है, पुरानी बस्ती, ठाकुरदिया में सफाई शून्य है। सड़कों की स्थिति पूरी तरह खराब है। बनी हुई नाली 15 मिनट की बारिश में बह रही है, स्वीकृत नाली के उल्टी दिशा में नाली बनाई जा रही है, असंवैधानिक चौपाटी निर्माण, स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में भ्रष्टाचार की जांच समेत सभी बिन्दुओं पर उचित कार्रवाई करने के लिए निवेदन करते हैं। अगर पानी की उपलब्धता तथा बुनियादी सुविधाएं दिलाने में कार्रवाई नहीं होती है तो कांग्रेस उग्र आन्दोलन करेगी।

नगर सरकार भ्रष्टाचार में व्यस्त है, 15 मिनट की बारिश में नाले धरसायी हो गए, 500 रुपए लेकर पानी टैंकर दिया जा रहा, नल जल का पानी सप्ताह में 3 दिन ही आ रहा। अध्यक्ष बोल रहे 40 टैंकर से पानी सप्लाई हो रही जबकि नगर पालिका में मात्र 8 टैंकर ही है।
**सुनील शर्मा नगर कांग्रेस अध्यक्ष**

खरसिया का वाटर लेवल काफी डाउन हो गया, प्रभावित जगहों पर लगातार पानी सप्लाई की जा रही है, जल आवर्धन योजना का पानी हर दिन सभी को मिले उसके लिए नपा की टीम लगातार कार्य कर रही है, लाइट बड़ी बाधा बन रही, कांग्रेस अपने कार्यकाल की एक उपलब्धि बताए।
**कमल गर्ग, नपा अध्यक्ष खरसिया**

नगर में जल आवर्धन योजना से पानी सप्लाई की जा रही, प्रभावित जगहों पर टैंकर से पानी भेजा जा रहा, पानी के पैसे नही लिए जा रहे, निजी कार्य के लिए टैंकर मंगवाने पर नियमानुसार रसीद काटी जाती है।
**श्रीमती नीतू अग्रवाल सीएमओ खरसिया**

## उद्यान रोपणी बाघाडोला को आम से मिले 1.91 लाख

**पुसौर।** पुसौर जनपद क्षेत्र में स्थापित उद्यान रोपणी बाघाडोला अपने स्थापना दिवस से अपने उद्यानिकी में पैर पसारते दिख रहा है जिसके कारण उसका समूचा क्षेत्र आये दिन नये नये फलों से गुलजार रहता है।

इसमें खास कर प्रभारी की रूचि और उसकी कार्य षैली दिखता है। इन दिनों उक्त उद्यान रोपणी बाघाडोला के प्रभारी चंद्रभान सिदार है जिन्होंने अपने जिला स्तर के अधिकारियों के मार्गदर्शन एवं दिशा निर्देश में अपने उद्यानिकी से एक लाख 91 हजार रुपए केवल आम का फसल बेचकर लाभ अर्जित की है। ज्ञात हो कि सिदार कुछ साल पहले भी उक्त बाघाडोला में कार्यरत थे। उस समय उन्होंने जो पौध रोपण किए थे वे आज फल देकर उद्यान को लाभ पहुंचाना प्रारंभ कर दिया है और इसी बीच सिदार जी यहां पदस्थ हुए है। अपने पुराने जाना पहचाना उद्यान प्रभारी चंद्रभान सिदार को पाकर किसानों एवं उद्यान प्रेमियों में काफी उत्साह है इसलिये पौध रोपण एवं सब्जी की खेती आदि के लिए लोग इनके संपर्क में लगातार रहते हैं।

## शिक्षक कांग्रेस संघ के प्रतिनिधि मंडल ने बीईओ से की मुलाकात



**बिलाईगढ़।** बुधवार को छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस संघ का प्रतिनिधि मंडल बीईओ सत्यनारायण साहू से मुलाकात कर शिक्षकों कर्मचारियों की लंबित समस्याओं के निराकरण की दिशा में चर्चा कर ज्ञापन सौंपा एवं त्वरित कार्रवाई की मांग की गई। छत्तीसगढ़ शिक्षक कांग्रेस संघ शिक्षकों का पंजीकृत संगठन है जो कि छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा मान्यता प्राप्त है।

यह संगठन राष्ट्र हित, विद्यार्थी हित एवं शिक्षकों के हित में स्वतंत्रता पूर्वक संघ के संविधान के अनुरूप कार्य करता है। संघ द्वारा विगत समय में शिक्षकों एवं कर्मचारियों की अनेक समस्याओं को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा था, जिस पर कुछ समस्याएं यथावत लम्बित रही है। बीईओ ने सभी मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर त्वरित निराकरण का भरोसा दिलाया। संघ की मांग में बीते 2014-15 एवं 2015-16 आयकर कटौती की राशि संबंधित शिक्षकों के आयकर एकाउंट में जमा की गई है या नहीं ꠰ इसका लिखित जवाब साक्ष्य सहित संघ को उपलब्ध कराया जावे तथा यदि जमा नहीं की गई है तो जमा नहीं करने का कारण बताया जाए। 2012 से शिक्षा कर्मियों के वेतन से काटी गई एनपीएस की राशि संबंधित शिक्षकों के एकाउंट में जमा की गई है या नहीं यदि जमा कर दी गई है, तो किस एकाउंट में जमा की गई है।

